## समाचार

## आधार कार्ड शिविर में निशक्तजन बच्चों से मिली महापौर



कोरबा 15 अप्रैल 2015 –घंटाघर ओपन थिएटर के समीप मुख्य मार्ग में स्थित सियान सदन में निशक्तजनों के लिए आधार कार्ड बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उक्त शिविर में पहुंचकर कार्य का अवलोकन किया। इस अवसर पर दिव्य ज्योति विद्यालय के निशक्तजन बच्चे भी उपस्थित थे, जिनके आधार कार्ड बनाए जाने थे। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने इन निशक्तजन बच्चों से भेंट की तथा उनका हाल चाल जाना, उन्होने वहां पर कार्य कर रहे कर्मचारियों से कहा कि वे शीघ्रता से कार्य संपादित कराए ताकि शिविर में आए निशक्तजन बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। महापौर श्रीमती अग्रवाल के साथ जिला कांग्रेस महिला मोर्चा की शहर अध्यक्क्ष सपना चौहान भी उपस्थित थी।